हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार 22 जून 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 34.2 डिग्री


4 नए कानूनी प्रावधानों पर कार्यशाला नवीन संहिताओं की दी जानकारी





**प्रवेश सूचना**

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000


## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास, जीवन के लिए योग व व्यवस्थित दिनचर्या जरूरी

# निरोगी काया के लिए योग आवश्यकः कौशल्या

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास होता है, इसके लिए नियमित रूप से प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। जिससे निरोगी काया एवं भरपूर ऊर्जा का संचार होता रहे। यह बातें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास के मौके पर श्रीमती कौशल्या साय ने मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा मैं स्वयं प्रतिदिन योगाभ्यास करती हूं, इसलिए आज तक निरोगी हूं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विशेष अतिथि के रूप में कमला पवार एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन चौधरी, मंडल अध्यक्ष दिनेश चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों का संस्था प्रमुख सलमोन तिर्की ने स्वागत किया। मां शारदे की अराधना के बाद योगाभ्यास किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भी योग किया।

इस मौके पर श्रीमती साथ ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास होता है, इसके लिए नियमित रूप से प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। जिससे निरोगी काया एवं भरपूर ऊर्जा का संचार होता रहे। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं प्रतिदिन योगाभ्यास करती हूं जिस कारण आज मैं स्वस्थ एवं निरोग हूं और मुझे आज तक चश्मा की आवश्यकता महसूस नहीं हुई है, यह सब योग से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित दिनचर्या होना आवश्यक है हर कार्य निर्धारित समय पर होने से मन प्रसन्न रहता है एवं नये-नये विचार मन में आते हैं। अपने व्यक्तिगत जीवन के अनेक उदाहण देते हुए उन्होंने योग के महत्व पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।



कौशल्या साय के मुख्य आतिथ्य में आत्मानंद स्कूल में शिक्षक व विद्यार्थियों ने किया योग।

## योग ऋषि मुनियों की देनः राठिया

शारीरिक विकारों से बचने के लिए योग का अभ्यास आवश्यक है। हमारे ऋषि मुनियों की यह देन भारत की परंपरा बनकर दूर-दूर तक फैल गई है। यह बातें शुक्रवार को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित रणजीता स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास शिविर में मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया ने कही। उन्होंने कहा,कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयास से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। इस योगा कार्यक्रम में रायगढ़ लोकसभा सांसाद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता उपस्थित थे। सामूहिक योग कार्यक्रम में पदमश्री जागेश्वर यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासियों ने स्वयं और समाज के लिए योग के संदेश के साथ योग दिवस की शुरुआत किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे सांसाद राधेश्याम राठिया ने विश्व योग दिवस की जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की परंपरा में ही योग रहा है। हमारे देश के ऋषियों ने इसे सभी लोगों को दिया है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष प्रयास से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को

■ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया**



रणजीता स्टेडियम में योग करते नागरिक।

करने के लिए एक ऐसी व्यवस्था की मांग की और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में घोषित किया। जिसके चलते आज देश ही नहीं पूरी दुनिया इस दिवस को उत्साह के साथ मना रहा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक विकारों से बचने के लिए योग क्रियाओं का अभ्यास आवश्यक है। सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, योग से तन और मन स्वस्थ रहता है नियमित योगाभ्यास करके बीमारियों से बचें। जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने जिलेवासियों को विश्व योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग शरीर एवं मस्तिष्क के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का एक शाश्वत माध्यम है जिसके नियमित अभ्यास द्वारा मानव शरीर में नवीन आत्म-चेतना का उदय होता है। भारत की प्राचीनतम परंपरा की पहचान योग आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विश्व बंधुत्व का प्रतीक बन गया है। आज के इस आयोजन में सभी नगर वासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया यह बहुत सुखद क्षण है। बेहतर और स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण है इसे हर व्यक्ति नियमित रूप से करें। योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। यदि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम में जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव, योग शिक्षक डमरूधर स्वणर्कार, श्याम पटेल कु.श्रद्धा स्वणर्कार, कु.मेघा स्वर्णकार ने मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए योग से स्वस्थ जीवन के लिए विभिन्न कलाओं-आसनों का योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों द्वारा ग्रीवा चालन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन सहित अनुलोम विलोम, योगाभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रदर्शन किया गया। इसी तरह जिले के सभी विकास खंडों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कराया और लोगों को योग से निरोग रहने का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ⏭ शेष पेज 4 पर



गर्भवती महिलाओं को योग के लिए प्रेरित करती स्मृति साय।

## योग केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी लाभकारी

विश्वभर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जशपुर योग महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में लगभग 100 गर्भवती महिलाओं ने सामूहिक रूप से योग किया। गर्भवती महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग अत्यंत महत्वपूर्ण है। योग के इसी महत्व को ध्यान में रखते हुए गर्भवती महिलाओं को योग कराया गया। जशपुर योग महोत्सव कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पुत्री सुश्री स्मृति साय के संरक्षण में आयोजित हुआ। सुश्री स्मृति साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुईं। जशपुर जिला प्रशासन और यूनीसेफ टीम के संयुक्त प्रयास से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**सीएम की पुत्री स्मृति साय ने गर्भवती महिलाओं को योग करने किया प्रेरित**

### ऐतिहासिक रहा जशपुर योग महोत्सव

जशपुर में आयोजित योग महोत्सव को व्यापक बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का राज्यभर में लाइव प्रसारण किया गया। प्रदेश के इतिहास में यह पहला योग कार्यक्रम रहा जिसने गर्भवती महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी। इस प्रकार के आयोजन से गर्भवती महिलाओं को न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलता है बल्कि उन्हें योग के माध्यम से एक सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का भी प्रोत्साहन मिलता है। जशपुर योग महोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पुत्री स्मृति साय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति शांति भगत, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी उपस्थित थे।



योग करती गर्भवती महिलाएं।

### गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए शानदार पहल

योग कार्यक्रम में रायपुर से आई राहुल रायपुर योगपीठ की टीम ने महिलाओं को योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। कुशल प्रशिक्षकों ने गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए लाभदायी साबित होने वाली सभी योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। गर्भावस्था के दौरान विभिन्न योग क्रियाओं के लाभ के बारे में महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी गई। गर्भावस्था के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का योग क्रियाओं के द्वारा निदान करने के बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी गई।

### महिलाओं को योग के लिए किया गया जागरूक

योग महोत्सव में सुश्री स्मृति साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने खुद भी योग किया। कार्यक्रम के आरंभ में सुश्री साय ने गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए योग के महत्व और उसके लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को योग करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया। उन्होंने कहा, योग हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी होता है। योग करने से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि हम मानसिक रूप से भी तंदुरुस्त रहते हैं। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का एक अभिन्न हिस्सा बनाएं।

### विकासखण्डों में सामूहिक योगाभ्यास



**जशपुरनगर।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी विकासखण्डों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस योगा कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी ने योग से स्वस्थ्य और रोग मुक्त रहने के लिए अपने दिचार्य में योग को शामिल करने का संदेश के साथ योग दिवस की शुरुआत की। योग सभी उम्र के लोगों के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। आज 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय जशपुर एवं विकासखण्ड मुख्यालय दुलदुला, पत्थलगांव, बगीचा, फरसाबहार, मनोरा, पतथलगांव, कुनकुरी, शासकीय महाविद्यालय दुलदुला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव, सहित बगीचा विकासखण्ड के 77 ग्राम पंचायतों में युवा, बच्चे, महिला सहित सभी लोगों ने हिस्सा लेकर योगाभ्यास किया और नियमित योग करने का संकल्प भी लिया।

### मंगलभवन में मना योग दिवस



**पत्थलगांव।** छतीसगढ शासन से मिले दिशा निर्देश व नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में किये गए योग के आयोजन में काफी लोगो ने हिस्सा लिया, जिसमें महिलाएं भी शामिल रही। योग गुरु के रूप में पवन अग्रवाल,बच्चन दुबे व श्रीमती गीता पटेल ने लोगों को योग करने की विधि और योग के फायदे बताए। बारी- बारी से अनेक आसन बता कर उन्हें नियमित करने को कहा,जिससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी। साथ ही अनेक बीमारियों से मुक्ति मिलेगी,शरीर तरोताजा व मानसिक रुप से व्यक्ति मजबूत रहेगा। आप अपने परिवार के साथ घर मे ही योग कर सकते हैं। इसके लिए हल्के संगीत जिसमे म्यूजिक या भजन बजा कर योगाभ्यास कर सकते है। योग मनुष्य को जरूर करना चाहिए आपके द्वारा थोड़े ही समय किये गए योग से शरीर को बहुत फायदा होगा। योग के बाद भीगा चना व गरम पोहा सभी को आवंटित किया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर

### एनईएस में किया गया योगाभ्यास



**जशपुरनगर।** जिले के अग्रणी शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय,मनोरा में योग दिवस के अवसर पर योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास के पूर्व प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने कहा कि आज के आपाधापी जीवनशैली में योगाभ्यास को नियमित रूप से करना चाहिए ताकि स्वस्थ तन के साथ-साथ स्वस्थ मन भी बना रहे। योग अनुदेशक के रूप में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय तिवारी ने योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक एआर बैरागी, डॉ.एके श्रीवास्तव, जेआर भगत, डॉ.केके प्रसाद, डीआर राठिया, डॉ.जेपी कुजूर, सरिता निकुंज, पीसी सतपती, रजिस्ट्रार बीआर भारद्वाज सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण शामिल हुए। योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल रूप से संपन्न करने में एनसीसी ⏭ शेष पेज 4 पर

### खबर संक्षेप



### पार्षद बंसल की मां के निधन पर सांसद व विधायक ने श्रद्धांजलि

**पत्थलगांव।** 16 तारीख को वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अजय बंसल की माताजी व भाजपा मंडल महामंत्री अंकित बंसल की दादी जी का निधन हो गया था ।आज रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल , गणेश जैन मंडल अध्यक्ष कांसाबेल, उमाशंकर भगत कोतबा, आनंद शर्मा बागबहार ,रामावतार अग्रवाल सहित भाजपा की अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा पार्षद अजय बंसल के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वही पत्थलगांव विधायक गोमती साय द्वारा भी भाजपा पार्षद के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की थी एवं इस दुख की घड़ी में ईश्वर से शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### जनहानि के दो मामलों में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम जोरण्डाझरिया निवासी मधुमति बाई का सर्पदंश से 3 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका निकटतम वारिस मृतिका के पति जलधर मुण्डा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 35.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 35.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 21 जून तक औसत वर्षा 79.4 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 4.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 23.2 मिमी, मनोरा में 36.2 मिमी, कुनकुरी में 26.1 मिमी, दुलदुला में 16.5 मिमी, फरसाबहार में 24.9 मिमी, बगीचा में 88.6 मिमी, कांसाबेल में 51.6 मिमी, पत्थलगॉव में 26.5 मिमी, सन्ना में 57.2 मिमी एवं बागबहार में 3.0 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

### रंजिश को लेकर चाकूबाजी भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

**भटगांव।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने भाजपा कार्यकर्ता पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। चाकूबाजी की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया निवासी संजय यादव का गांव के रामखेलावन यादव से पुराना विवाद चल रहा है। संजय यादव की मां रनिया बाई ने पुलिस को बताया कि संजय यादव द्वारा विगत दो तीन सप्ताह से घर बनाने के लिए मिट्टी का दीवाल उठा रहा था। 19 जून की शाम महिला अपने दोनों नातियों को लेकर घर के समीप मौजूद दुकान से सामान लेने गई हुई थी। इस दौरान महिला दुकान में मौजूद लोगों से बातचीत कर रही थी जबकि उसका बेटा अपने घर की दीवार उठाने का काम कर रहा था।

### कल होगा पीपीटी व शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन

# परीक्षा कार्य नियमानुसार व गंभीरता से करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून को पीपीटी एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए जिला जशपुर में कुल 21 परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है ।इसमें से 15 परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय जशपुर एवं आसपास के शिक्षण संस्थानों में बनाए गए हैं एवं 6 केंद्र कुनकुरी में स्थित है।

इस जिला में पीपीटी में 436 परीक्षार्थी, प्राथमिक स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) में 5811 एवं उच्च स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा में 8639 कुल 14639 परीक्षार्थी, शामिल होंगे। जिला की परीक्षा त्रुटि विहीन एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला समन्वयक डॉ विजय रक्षित



केंद्राध्यक्षों की बैठक लेते प्राचार्य डॉ.विजय रक्षित।

प्राचार्य, एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर द्वारा 20 जून को कुनकुरी स्थित परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों तथा 21 जून को जशपुर स्थित केंद्रो के केंद्राध्यक्ष सहायक केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षकों का ब्रीफिंग आयोजित किया गया। जिला समन्वयक डॉ विजय रक्षित ने सभी केंद्रो के केंद्राध्यक्षो को परीक्षा कक्ष में विद्युत, जल व्यवस्था, व साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों एवं वीक्षकों को मोबाइल, स्मार्ट वॉच ,आदि वर्जित होगा। पीपीटी की परीक्षार्थी प्रातः 8:30 बजे से एवं प्राथमिक स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रातः 9:30 बजे एवं उच्च स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा दोपहर 2:00 बजे प्रारंभ होगी। परीक्षार्थियों को आधा घंटा पूर्व उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा के समय प्रवेश पत्र के साथ अन्य पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। आज के ब्रिफिंग सेशन में सभी लोग उपस्थित थे एवं परीक्षा कार्य को नियमानुसार एवं गम्भीरता से करने का संकल्प लिया।

## अब कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर सकेंगे शासकीय एनईएस महाविद्यालय के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय के शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय के छात्र बीएससी कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर सकेंगे। अभी तक जिले में मात्र महिला महाविद्यालय की छात्राएं ही कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर पाती थीं। 24_25 के शैक्षणिक सत्र से यहां के छात्र भी बीएससी कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर सकेंगे।



महाविद्यालय के प्राचार्य विजय रक्षित ने बताया कि आयुक्त उच्च शिक्षा संचनालय इंद्रावती भवन नया रायपुर के 1 जून 25 के आदेश के बाद हमारे महाविद्यालय में बीएससी कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई शरू हो जाएगी प्रवेश प्रक्रियाधीन है।

### अभी क्या क्या है उपलब्ध

शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय में 13 विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई हो रही है। साथ ही 5 विषय में शोध केंद्र भी उपलब्ध है जहां शोध किया जाता है।

### इस वर्ष क्या रही उपलब्धि

शासकीय राम भजन राय एनईएस महा विद्यालय को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मॉडल कॉलेज बनाने की घोषणा की गई है। जिसके लिए लगभग 35 करोड़ का प्रक्लन बनाकर उच्च शिक्षा विभाग को भेजा गया है। शासकीय राम भजन राय एनईएस महाविद्यालय में बीएससी कंप्यूटर साइंस की कक्षा प्रारंभ होंगी। एमएससी रसायन की सीटें बढ़कर 30 से 40 हो गई हैं। बीलिव की सीटें बढ़कर 30 से 40 हो गई हैं।



# 'उसने मेरी जिंदगी बदल दी' : करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में आने से पहले टीवी की दुनिया के चहेते सितारे थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत सुपरहिट टीवी सीरियल 'दिल मिल गए'से किया था। इसके बाद 'कबूल है'जैसे हिट शो में काम कर दर्शकों पर छा गए थे। उन्होंने अपने करियर में तीन बार शादी रचाई है। उनकी तीसरी शादी बिपाशा बसु संग हुई है। 2016 में इन्होंने धूमधाम से शादी की और आज कपल एक बेटी 'देवी' के माता-पिता हैं। अब शादी और पिता बनने के बाद करण ने अपनी लाइफ को लेकर बातें की। उन्होंने बताया कि बिपाशा ने उनकी लाइफ बदल दी। वह इसके लिए उनके शुक्रगुजार हैं।

## लाइफ Style



# स्वरा छलका दर्द: 'मैं अछूत हूं...वे डरते हैं'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्वरा भास्कर का कहना है कि वह फैंस के लिए बेबाक हैं, उनका दिल काफी साफ सुधरा है। लेकिन बॉलीवुड उन्हें 'अछूत' मानता है। जब वह अपने मन की बात करती हैं तो उन्हें उसका भारी खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके हाथ में आए प्रोजेक्ट उनके हाथ से छीन लिया जाता है। उनका नाम सुनते ही स्टूडियो वाले फिल्मों में लेने से मना कर देते हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट एक्स उनके लिए सबसे महंगी चीज़ है, क्योंकि इसकी वजह से उनका करियर बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि अब फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी उन्हें कास्ट नहीं करना चाहता। विवाद के डर से, भले ही वे ' स्वरा भास्कर जैसी अदाकारा' चाहते हों। उन्होंने यह भी बताया कि उनके चाहने वालों का मानना है कि 'उन्होंने खुद ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली' और अपना करियर 'तबाह' कर लिया। स्वरा ने कहा कि जब लोग उन्हें सड़कों पर रोकते हैं या एयरपोर्ट पर उनसे बात करते हैं तो बहुत से लोग उनका समर्थन करते हैं और वह उस समर्थन से ताकत पाती हैं। हालांकि बहुत से लोग हैं, जिनमें से कुछ उनके शुभचिंतक भी हैं, जो महसूस करते हैं कि उन्होंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। स्वरा आगे कहती हैं- बहुत से लोग हैं जो कहते रहते हैं कि 'तुमने गलत काम किया है, तुमने अपना करियर बर्बाद कर लिया, तुमने ऐसा क्यों किया? यह तुम्हारी बहुत बड़ी बेवकूफी थी', जिसमें आपकी अपनी टीम भी शामिल होती है। जो लोग आपसे प्यार करते हैं और वे चिंता की जगह से आते हैं। वे आपके शुभचिंतक हैं इसलिए उन्हें आपको देखकर बुरा लग रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# थिएटर में शो के दौरान गिरे

**लॉस एंजिलिस।** इयान मैकेलेन को हॉलीवुड के प्रॉमिनेंट एक्टर्स में से गिना जाता है। वे 6 दशक से फिल्में कर रहे हैं। हाल ही में एक थिएटर में प्ले के दौरान एक्टर स्टेज पर गिर गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया और शो को बीच में ही बंद कर दिया गया। एक्टर 85 साल के हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। एक्टर की हेल्थ को लेकर अपडेट भी आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर थिएटर में एक फाइट सीन कर रहे थे।



# अमेरिका में रिलीज होगी 'मेगालोपोलिस'

**लॉस एंजिलिस।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लायंसगेट और फिल्म की निर्माता कंपनी के बीच यह वितरण सौदा हुआ है। निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ही इस फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म अमेरिकन जोएट्रोप के बैनर तले बनी है। दिलचस्प बात यह है कि लायंसगेट की एक और फिल्म उसी दिन रिलीज होने वाली है। इस हॉरर फिल्म का नाम नेवर लेट गो है। वहीं, यूनिवर्सल द वाइल्ट रोबोट और पैरामाउंट इंटरस्टेलर की दसवीं सालगिरह पर इसे दोबारा रिलीज करने जा रही है। स्टूडियो पहले से ही कोपोला के अमेरिकन जोएट्रोप बैनर के साथ व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। स्टूडियो ने फिल्मकार की कई फिल्मों के डायरेक्टर्स कट जैसे एपोकैलिप्स नाउ फाइनल कट, द कन्वर्सेशन, द कॉटन क्लब एनकोर, टकरः द मैन एंड हिज ड्रीम, और वन फ्रॉम द हार्टः रिप्राइज को रिलीज किया है।



# अजीज दोस्त ने किया था हेरीफेरी...

**नई दिल्ली।** मार्च 2022 में रिमी सेन ने अपने दोस्त रौनक व्यास के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन पर 4.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। उस समय दायर किए गए कागजात के अनुसार, जतिन व्यास ने रिमी को एलईडी लाइटिंग से जुड़ी अपनी नई फर्म में निवेश करने पर काफी मुनाफा देने का वादा किया था। जब जतिन ने उनकी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया और पैसे वापस करने से इनकार कर दिया, तब अभिनेत्री को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। एक इंटरव्यू में रिमी कहा, 'वह एक ठग है। वह किसी शहर में जाकर बस जाएगा और लोढ़ा जैसे बिल्डर की आलीशान रिहायशी सोसायटी में फ्लैट किराए पर लेगा। वह एक शानदार कार खरीदेगा और कुलीन क्लबों और जिम का सदस्य बन जाएगा।



# 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज

**मुंबई।** अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम 'मटका' है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं। वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, '175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। 'मटका' के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!' 'मटका' फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से एक और एक्टर होने जा रहा बाहर

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो का हर किरदार घर-घर फेमस है। इस शो को काफी पसंद भी किया जाता है और सालों से यह शो टीवी पर सबका दिल जीत रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय से कई पुराने एक्टर्स इस शो को छोड़कर चले गए हैं। शो में टप्पू तो 2 बार बदल ही चुका है, लेकिन अब इस टप्पू सेना के एक और एक्टर के शो छोड़ने की खबर आ रही है जिसे सुनकर फैंस को बड़ा झटका लगेगा। दरअसल, यहां जिसकी बात हो रही है वो है गोली। गोली का किरदार कुश शाह निभा रहे हैं। अब हाल ही में एक फैन ने कुश के साथ फोटो शेयर की सोशल मीडिया पर। फोटो शेयर कर फैन ने बताया कि वह कुश को न्यू यॉर्क में मिला। फैन ने बताया कि कुश ने उन्हें बताया कि उन्होंने शो छोड़ दिया है और न्यू यॉर्क में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद फैंस काफी दुखी हो गए हैं। कोई कमेंट कर रहा है कि गोली को बचपन से देख रहे हैं इस शो में और यहां उसे बड़ा होते हुए देखा है, अगर वह भी चला जाएगा तो मजा नहीं आएगा। कुश का इस शो से जाना सच है कि नहीं यह बात तो खुद कुश और शो के प्रोड्यूसर ही बता सकते हैं।

# कल्पना से परे, रहस्य से घिरा हुआ है इस बार 'बिग बॉस' का सेट...

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' की धमाकेदार शुरुआत होने वाली है। इस बार सब बदल जाएगा। शो के होस्ट अनिल कपूर हैं और उन्होंने शो



में अब तक का सबसे दमदार मजा देने का वादा किया है, जिसके लिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शो 21 जून को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले प्रशंसकों के लिए खास तोहफा है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' के सेट की झलक फैंस को दिखाई गई है, जो बेहद शानदार और हर बार से ज्यादा भव्य है।

# सोनाक्षी की शादी के जश्न में 'मामा' संग हंसते दिखे शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के संग शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 23 जून वे मुंबई में शादी करेंगी। इसके साथ ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि होने वाली इस शादी में उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा शामिल नहीं होंगे। इतना ही सिन्हा फैमिली से कोई सदस्य इस शादी का हिस्सा नहीं बनेगा।



हालांकि, इन खबरों को खारिज करते हुए सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी कहा कि वे अपनी लाडली की शादी में जरूर शामिल होंगे। लगता है कि पहलाज निल्हानी की ये बातें सच साबित हो गई हैं। सोशल मीडिया के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वे सोनाक्षी के 'मामा'के संग मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा हल्दी कार्यक्रम में मेहमानों के बीच शामिल रहे. फोटो में शत्रुघ्न ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। इस फोटो को भारतीय एस प्रधान ने अपने ट्विटर पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- दुल्हन के पिता के साथ शत्रुघ्न सिन्हा, और सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी से थोड़ी देर पर पहले चैंबर पर मुलाकात हुई। फोटो के आखिरी लाइन में उन्होंने लिखा 'सिन्हा परिवार में जश्न का समय है!' सोनाक्षी-जहिर इकबाल की शादी तैयारियों और विवादों के बीच शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार मुस्कुराते हुए देखा गया है। फोटो में शत्रुघ्न का लुक काफी शानदार दिख रहा है।

# मिर्जापुर 3 का ट्रेलर जारी, दिखेगी छल-कपट की झलक

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'मिर्जापुर' को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इस शो में नजर आए सभी किरदारों को पसंद करने वाले फैंस की अपनी एक अलग सूची है। फैंस लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। हाल में ही इसके तीसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा की गई थी, जिसमें बताया गया था कि इसे 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया जाएगा। अब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख दर्शकों को वापस से पुरानी वाइब मिल रही है। ट्रेलर के जबर्दस्त डायलॉग सुन आप सीरीज देखने के लिए और ज्यादा उत्साहित हो जाएंगे। पिछले सीजन के क्लाइमैक्स के बाद तीसरा




सीजन उसी कहानी को आगे बढ़ाएगी। पूर्वांचल के अपराध और सत्ता पाने की लालच में सीरीज के सारे कलाकार एक-दूसरे के साथ खून खराबा करते नजर आ रहे हैं।

***सोशल मीडिया पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया :*** सीरीज में गुड्डू पंडित यानी कि अली फजल का डायलॉग लोगों को बताने का, कालीन भैया गॉन और गुड्डू पंडित ऑन। दर्शकों की विशेष सराहना बटोर रहा है। मिर्जापुर की गद्दी पाने की लड़ाई में गुड्डू पंडित कालीन भैया पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख अब सीरीज देखने की चाह बढ़ गई है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'गुड्डू पंडित का भौकाल कायम है। अब कालीन भैया का पलटवार देखने के लिए उत्साहित हूं।'

### इन कलाकारों से सजी है मिर्जापुर 3

'मिर्जापुर' सीरीज में कई नामचीन कलाकार नजर आए हैं। सीरीज में पंकज त्रिपाठी को 'कालीन भैय्या' और अली फजल को 'गुड्डू पंडित' की भूमिका में काफी पसंद किया गया है। इनके अलावा दिव्येंदु शर्मा भी 'मुन्ना त्रिपाठी' के किरदार में सीरीज के पहले दो सीजन के लिए काफी महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुए थे। इन कलाकारों के अलावा इस सीजन में श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, हर्षिता गौर, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा ,राजेश तैलंग आदि भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लिस्ट में शाहिद कपूर की दो मूवीज भी शामिल

# शराब और नशे की लत को दर्शाती हैं ये हिंदी फिल्में

***मुंबई।*** *हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मकार समाज की अच्छी और बुरी चीजों को अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए लोगों के सामने पेश करते हैं। मौजूदा समय में देश में बड़ी संख्या में युवा नशे के आदि बनते जा रहे हैं। बॉलीवुड में भी युवाओं की इस कठोर वास्तविकता को फिल्मों के माध्यम से कई बार दिखाया जा चुका है। आइए ऐसी फिल्मों के बारे में जानते हैं जो इस विषय को सटीक रूप से चित्रित करती हैं।*



**उड़ता पंजाब :** शाहिद कपूर की बेहतरीन फिल्मों में उड़ता पंजाब का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ, अलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था। फिल्म में पंजाब के युवाओं में बढ़ते नशीली दवाओं की लत को दिखाने की कोशिश की गई थी। यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी।

**फैशन :** मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी फिल्म फैशन को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की कहानी फैशन मॉडलों की जिंदगी की कहानी बयां करती नजर आई थी। फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ओवरडोज जैसे नकारात्मक पहलुओं पर इस फिल्म के जरिए प्रकाश डालने की कोशिश की गई थी। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कंगना रणौत और मुग्धा गोडसे ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं। ओटीटी पर इसे नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



**दम मारो दम :** दम मारो दम का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर थी। इसकी कहानी ड्रग तस्करों और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की गिरफ्तारी और उसकी जांच पर केंद्रित थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु, राणा दग्गुबाती, आदित्य पंचोली, प्रतीक बब्बर और गोविंद नामदेव जैसे कलाकारों ने काम किया था।



**शैतान :** बिजॉय नाम्बियार के निर्देशन में बनी शैतान में राजीव खंडेलवाल, कल्कि केकलां, गुलशन देवैया, शिव पंडित, नील भूपालम, कीर्ति कुल्हारी, रजित कपूर, पवन मल्होत्रा और राजकुमार राव जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म की कहानी मादक पदार्थों के सेवन करने वालों के एक समूह की है जो एक हिट-एंड-रन दुर्घटना को छिपाने की कोशिश करते हुए आपराधिक गतिविधियों में उलझ जाते हैं। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।





**देव डी :** फिल्म देव डी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में अभय देओल, माही गिल और कल्कि केकलां मुख्य भूमिका में थे। अनुराग कश्यप के निर्देशित में बनी यह फिल्म बंगाली उपन्यास देवदास पर आधारित थी, जिसे नए अंदाज से लोगों के सामने पेश किया गया था। फिल्म में एक युवक को अपने बचपन के प्यार को खोने के बाद ड्रग्स और शराब की लत में पड़ते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकता है।

**कबीर सिंह :** इस लिस्ट में शाहिद कपूर की एक और फिल्म का नाम शामिल है। फिल्म कबीर सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। संदीप रेड्डी वंगा ने निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक युवक को अपनी प्रेमिका को खोने के बाद शराब का जमकर सेवन करते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

# खबर संक्षेप

## लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन, सिलाई मशीन, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज केआईटी कॉलेज के पास अग्रसेन आईटीआई के बगल में उड़ीसा रोड गढ़उमरिया में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

## प्राकृतिक आपदा पर टोल फ्री नंबर जारी

**सारंगढ़।** प्रदेश में किसी आपदा में जन समुदाय को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु टोल फ्री नंबर.1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त किया जा सकता है। भारत सरकार गृह मंत्रालय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली तथा सी डेक तिरूवनंतपुरम एवं राज्य सरकार के सहयोग से ईआरएसएस डॉयल 1070 आपदा प्रबंधन आपातकालीन नम्बर संचालित किया जा रहा है।

## 15 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के माइनर एक्ट की कार्रवाई के लिए थाना पूंजीपथरा स्टाफ ग्राम गेरवानी, सराईपाली, चिराईपानी, देलारी की ओर रवाना हुए थे। इसी दरम्यान थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिली कि चिराईपानी का प्रकाश चौहान अवैध बिक्री के लिए काफी मात्रा में महुआ शराब घर पर छिपा कर रखा है। सूचना पर थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा संदेही के घर गवाहों को लेकर दबिश दिया गया। संदेही प्रकाश चौहान घर में उपस्थित मिला जिसे अवैध शराब बिक्री करने के लिए घर पर छिपा कर रखने के संबंध में पूछताछ करने पर संदेही शराब बिक्री करना स्वीकार कर घर के आगंन से 10-10 लीटर क्षमता वाले दो प्लास्टिक जरिकेन में भरा हुआ करीब 15 लीटर महुआ शराब कीमती 1500 रुपए का पेश किया गया जिसे जप्त किया गया। आरोपी प्रकाश चौहान पिता घुराउ चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चिराईपानी थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़' के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34,2,59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

## ट्रक के नीचे सोते चालक पर खलासी ने चढ़ाया ट्रक

**रायगढ़।** शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सावित्री नगर के पास एक ट्रक के खलासी ने वाहन बैक करते समय ट्रक के नीचे सो रहे चालक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में चालक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम सावित्री नगर के पास स्थित केडिया गोदाम आए महाराष्ट्र के ट्रक से उसी ट्रक का ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गया है। ट्रक क्रमांक एमएच 16 इब 7222 का ड्राइवर सावित्री नगर के पास केडिया गोदाम के बगल में ट्रक के नीचे सोया हुआ था। तभी खलासी ने ट्रक स्टार्ट कर बैक कर दिया। जिससे ट्रक ड्राइवर ट्रक के नीचे आ गया और बुरी तरह घायल हो गया है। घटना की सूचना जूटमिल टी आई मोहन भारद्वाज को मिलने के बाद, पुलिस तत्काल एक्टिव हो गई और घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

## युवक से साढ़े सात हजार की शराब जब्त

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उर्दना तिराहा के पास एक युवक को अंग्रेजी शराब और बीयर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की गिरफ्त में आए युवक ने अपना नाम दुर्गा प्रसाद जांगडे पिता गुरूचरण जांगडे उम्र 25 वर्ष निवासी ढिमरापुर थाना कोतवाली जिला का रहने वाला बताया, जिसके कब्जे से एक थैला के अंदर 13 नग अंग्रेजी बीयर एवं 20 नग नंबर 1 अंग्रेजी शराब, जुमला 12.050 बल्क लीटर शराब कीमती 7260 रुपए का बरामद किया गया।

### 1 जुलाई से प्रभावी होगी न्याय व सुरक्षा संहिता

# नए कानूनी प्रावधानों पर कार्यशाला नवीन संहिताओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला अधिकारियों के लिए 01 जुलाई से लागू होने जा रहे नवीन कानून संहिताओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में आगामी 01 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में जानकारी दी गई। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय कार्यशाला में उपस्थित रहे। जिला लोक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ ठाकुर व पुलिस विभाग से डीएसपी श्री अखिलेश कौशिक और निरीक्षक सीताराम धुरव ने नवीन अधिनियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(2) को छोड़कर उपरोक्त तीनों संहिता अधिनियम के सभी उपबंध संपूर्ण भारत में 01 जुलाई 2024 से लागू हो जाएंगे। इसका उद्देश्य आम जनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है इसलिए नवीन कानून के बारे में हर आम और खास लोगों को जानकारी होना बहुत आवश्यक है। अपराधियों के लिए नए कानून में गंभीर सजा का प्रावधान किया गया है। समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधान है। नए कानून में कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवा सकता है।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने बताया गया कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023] भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को अधिसूचित किया गया है। उक्त सभी कानूनों के उपबंध 01 जुलाई को या उसके बाद घटित होने वाले अपराधों पर ही लागू होंगे।

इन नए कानूनों का उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव, नागरिक केन्द्रित, अभियुक्त केन्द्रित, पीड़ित केन्द्रित कानून एवं कल्याणकारी अवधारणा, अभियोजन को मजबूती प्रदान करना, न्याय को नागरिक अनुकूल बनाना, उचित नियंत्रण और संतुलन के साथ पुलिस का सामंजस्यपूर्ण बनाना, प्रक्रियाओं की सरलता एवं संक्षिप्त ट्रायल को सरल बनाना, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक फोरेंसिक, डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान के साथ समयबद्ध प्रक्रिया का पालन किया जाना है। नए कानूनों में पुराने प्रचलित संहिताओं की धारा संख्या में परिवर्तन के साथ कई स्थानों में परिभाषाओं और प्रक्रियाओं में समयानुकूल परिवर्तन किए गए हैं। जिससे कानूनी प्रक्रिया सरल हो। कार्यशाला में सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नई न्याय संहिता की जानकारी देते कलेक्टर कार्तिकेय गोयल।

### 24 जून को नगर निगम ऑडिटोरियम में कार्यशाला

24 जून सोमवार को दोपहर 3 बजे से नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में न्यायिक सेवाए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ मीडिया प्रतिनिधि और आम जन भी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी से इस कार्यशाला में उपस्थित होने और विधिक जागरूकता एवं नवीन क़ानूनों के प्रचार.प्रसार कार्य में सहयोग की अपील की है।

# छाल क्षेत्र में 50 से अधिक गजराज दलों का विचरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों गजराजो की लगातार चहलकदमी के साथ ही ग्रामीण इलाकों में प्रवेश कर उत्पात मचाने की खबरें सामने आ रही हैं। छाल वन परिक्षेत्र में इन दिनों करीब 50 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। वहीं दूसरी ओर सामारूमा-अमलीडीह गांव के समीप मुख्य मार्ग पर अचानक हाथियों का एक दल आ गया, जिससे इस सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

जिले में इन दिनों जंगली हाथियों की बढ़ी हुई संख्या से कई गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया हैं और जंगली हाथी आये दिन मुख्य सड़कों या फिर रिहायशी इलाकों में घुसने की खबर लगातार सामने आ रही है। इसी बीच मंगलवार की शाम रायगढ़.धरमजयगढ़ मार्ग में हाथियों का एक दल सड़क में आ जाने की इस मार्ग में काफी समय तक आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ समय से रायगढ़ जिले में जंगली हाथियों की संख्या में काफी ज्यादा इजाफा देखा जा रहा है। एक जानकारी के मुताबिक इन दिनों रायगढ़ जिले में सौ से अधिक जंगली हाथी अलग.अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। जंगली हाथियों की बढ़ी हुई संख्या से यहां लगातार हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाये जाने की घटनाएं भी सामनें आते रही है। दो दिन पहले जहां छाल रेंज के ऐडुकला में 50 से अधिक हाथियों हाथियों का दल देखा गया था और उनका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।हाथियों के इस दल ने गांव के उचित मूल्य की दुकान का चैनल गेट एवं शटर तोड़ते हुए 10 से अधिक चावल की बोरियों को चट कर दिया गया था। इसी बीच मंगलवार की शाम तकरीबन 7 बजे रायगढ धरमजयगढ़ मार्ग में स्थित सामारूमा अमलीडीह गांव के पास एक बार फिर जंगली हाथियों का एक दल सड़क किनारे आ पहुंचा। एक साथ हाथियों के इस दल के सड़क किनारे आ जाने से सड़क के दोनों ओर वाहनों के पहिये पूरी तरह से थम गए।



■ सामारूमा-अमलीडीह मुख्य मार्ग पर फिर पहुंचे गजराज, वाहनों में थमे पहिए

# चौक का नामकरण गांधी के नाम पर, नहीं लगी राष्ट्रपिता की प्रतिमा

**सरिया।** नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में अब तक महात्मा गांधी की प्रतिमा नहीं लगाई जा सकी है। जबकि यहां प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस पर सार्वजनिक तौर पर ध्वजारोहण भी होता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण भी किया जाता है। लेकिन विगत कई महीनो से इस चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जिम्मेदारों ने सार्थक प्रयास नहीं किया।

गांधी चौक में प्रतिमा स्थापित करने के लिए स्टाइल युक्त चबूतरा का निर्माण भी किया जा चुका है। इसका निर्माण हुए भी कई महीने हो गए। लेकिन गांधी प्रतिमा अब तक स्थापित नहीं हुई। बाहर से आने जाने वालो को गांधी चौक का पता दिया जाता है। वे बेचारे गांधी चौक में गांधी प्रतिमा की तलाश करते हैं। ज्यादातर लोगों को गांधी चौक पर महात्मा गांधी की मूर्ति की कमी खलती है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत सरिया के गांधी चौक में पहले गांधी की प्रतिमा था। किसी कारणवश प्रतिमा खंडित होने पर उसे निकालकर नई प्रतिमा स्थापित करने की पूरी तैयारी कर ली गई। लेकिन जिम्मेदारों ने उदासीन रवैया अपनाते हुए यहां बिना गांधी का गांधी चौक बना दिया गया। बता दे की नगर में संविधान सभा निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर एवं स्वदेशी आंदोलन के प्रमुख स्वर्गीय राजीव दीक्षित जी की प्रतिमा की स्थापना करने की घोषणा सामाजिक संगठनों ने किया था। जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। नगर में एकमात्र प्रतिमा होगा महात्मा गांधी चौक का। इस संबंध में नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मोहन पटेल ने कहा कि गांधी चौक पर गांधी जी की प्रतिमा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा शीघ्र लगना चाहिए। एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा कि हमारी टीम के द्वारा ही नगर के हृदय स्थल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का स्थापना किया गया था। किसी कारणवश प्रतिमा खंडित होने पर नई प्रतिमा स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। प्रतिमा बनकर का तैयार है। मूर्तिकार समय नहीं दे पाने के कारण थोड़ा विलंब हो रहा है। शीघ्र ही गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमा की स्थापना भव्य रूप से किया जाएगा।



## न्यायालयों में 13 जुलाई को लगेगी लोक अदालत

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई 2024 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले चेक बाउन्स के मामले पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलोंए जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगेए जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भाद एवं कोविड 19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी निराकृत किया जाएगा।

# एजेंटों के नाम पर बनाई सम्पत्ति, अब तक 13 करोड़ से अधिक की प्रापर्टी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

प्रदेश के सबसे बड़े हाईप्रोफाइल मामलें में अंततः पुलिस विभाग को बड़ी सफलता हासिल हुई है। सरसींवा थाने अंतर्गत ग्राम रायकोना के महाठग शिवा साहू एवं साथियों द्वारा शेयर मार्केट और क्रीप्टो में पैसा इन्वेस्ट का झांसा देकर लोगों से रुपए लेकर उनका पैसा डबल करने का खेल किसी से छिपा नही है। ठगी के मामले में लगभग तीन माह से अधिक समय से फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा और सलाखों के पीछे धकेल दिया है।

थाना सरसींवा से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी सौरभ अग्रवाल के द्वारा 09 मार्च 2024 को थाना सरसीवां में शिवा साहू निवासी रायकोना एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध शेयर मार्केट एवं क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाने पर प्रति माह 30 प्रतिशत देने एवं 08 माह पूर्ण होने पर रकम दोगुना करने का लालच देकर 02 करोड रूपए की धोखाधडी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसी प्रकार प्रार्थी गिरवर निराला के द्वारा दिनांक 10 मई 2024 को शिवा साहू एवं अन्य आरोपियो के विरूद्ध रकम दोगुना करने का लालच देकर 26 लाख रूपए की धोखाधडी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जिस पर थाना सरसीवां के द्वारा धारा 420, 406, 409, 34 120बी 6,10 छग के निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधि० 2005 एवं धारा 420,406, 409, 34 दर्ज कर विवेचना किया जा रहा था। इसी तारतम्य में पूर्व में 05 आरोपियो वृन्दा साहूए टीकाराम साहूए मिथलेश साहूए संजय साहू एवं महेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया था आज 19 जून 2024 को उक्त दोनो प्रकरणों के 08 आरोपियों शिवा साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, सूर्यकांत साहू, रमेश साहू, दिनेश उर्फ दीपक साहू, झगेश साहू, भागवत साहू, कृष्णकुमार निराला को गिरफ्तार किया गया। जहा विधिवत गिरफ्तारी के पश्चात उन्हें न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। आरोपियो से पूछताछ में उनके द्वारा क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लोगो से पैसा लेकर रकम दोगुना करने की लालच देकर लोगो से मिले पैसे को ही रोटेट कर धोखाधडी की जा रही थी और लोगो से प्राप्त राशि से स्वयं के लिए सम्पत्ती का अर्जन किया जा रहा था। विवेचना के दौरान आरोपियो द्वारा विभिन्न बैंको के अकाउंट में जमा किये गए कुल राशि 06 करोड 40 लाख रूपए को फ्रीज होल्ड कराया गया है। इसके अतिरिक्त 30 एकड जमीन राशि करीबन 02 करोड 40 लाख एक मकान कुल कीमत 64 लाख रूपए वाहन 25 नग कुल कीमत करीबन 04 करोड 03 लाख, नगद 01 लाख रूपए सोने के आभुषण कीमत 07 लाख रूपए मोबाईल 10 नग कीमत 02 लाख 61 हजार रूपए इस प्रकार अब तक कुल 13,57,61000 तेरह करोड चार लाख एकसठ हजार रूपए की सम्पत्ति जप्त की गई है। आरोपियो के विरूद्ध कुल 15000 रुपए ईनाम की उद्घोषणा पुलिस विभाग के द्वारा की गई है।



■ ठगबाज शिवा की गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी उपलब्धि

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए आवेदन 29 तक, सहायता राशि बढ़कर 35 हजार

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन जुलाई माह में संभावित है। जिसके लिए पात्र जोड़े 29 जून तक आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में जमा कर सकते है। कन्या विवाह योजना में सम्मिलित होने वाले जोड़ो को शासन की ओर से 50 हजार की सहायता राशि प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा विवाह में शामिल होने वाली कन्याओं की सहायता राशि 21 हजार से बढ़ाकर 35 हजार किया गया है शेष राशि विवाह के आयोजन तथा अन्य मद में व्यय होगा। विवाह में सम्मिलित होने वाले जोड़ो को आवेदन के साथ उम्र संबंधी प्रमाण पत्र, कन्या का निवास प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना जरुरी होगा।

## 128 साल बाद सम्मानित होगी राष्ट्र भाषा पुलिस की कार्यप्रणाली में जुडेंगे हिन्दी शब्द

**रायगढ़।** सरस्वती शिक्षा संस्थान ने प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा की अनोखी पहल को सराहनीय बताते हुए हिंदी का सम्मान बढ़ाने के लिए धन्यवाद भेजा है। देश के इतिहास में 128 साल के बाद पहला अवसर होगा जब छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। पुलिस की कार्यप्रणाली आम जनता एवं पीड़ित को समझ आए। इसके लिए गृहमंत्री ने उर्दू अरबी फारसी शब्दों को हटाकर सरल हिंदी शब्दों का प्रयोग करने के लिए अपर मुख्य सचिव को निर्देशित किया है। सशिसं के संस्कार श्रीवास्तव ने कहा कि 1896 अंग्रेजो के जमाने से पुलिस विभाग में प्रयोग में लाए जा रहे कई शब्द आम लोगों की समझ में नहीं आते। इसलिए व्यापक जनहित में इन्हें बदलना जरूरी समझा जा रहा था। श्री श्रीवास्तव ने इस पहल को लॉर्ड मैकाले की गुलामी वाली मानसिकता से बाहर निकलने का कदम बताया। गृहमंत्री वह अपनी राष्ट्रभाषा के सम्मान के प्रति जागरूक हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी और छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार इतिहास में इतनी सराहनीय पहल किसी राजनेता विधायक मंत्री ने की है। ऐसे ही बदलाव भारत को गौरवान्वित कर विश्वगुरु की ओर अग्रसर करेंगे।

## शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्रयोगशाला जर्जर

**पुसौर।** पुसौर के हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र व स्कूल प्रबंधन प्रयोगशाला भवन की जर्जर स्थिति को लेकर पिछले लगभग 8 सालों से परेशान है जिसके कारण विज्ञान सामग्री का रख रखाव एवं संबंधित छात्र विषयों का उचित प्रयोग नही कर पा रहे हैं उक्ताशय को लेकर शाला प्रबंधन कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है ।

लेकिन इसका नहीं मरम्मत हो पाया और नहीं नए सिरे से भवन का निर्माण हो पाया है वहीं समूचे भवन में मारबल पुट्टी कराने की स्वीकृति मिली जो अब जगह जगह उखडने लगे हैं और बिजली वायरिंग की स्वीकृति होने के बाद भी संबंधित ठेकेदार द्वारा उसे पुरा नहीं किया गया है। गौरतलब हो कि स्कुल के गेट के सामने ही सार्वजनिक शौचालय निर्माण किया जा रहा है उसके बगल में दो कबाड रखने के लिए पुराने भवन है और यहां छात्र छात्रा व महिला पुलिस कर्मचारियों के लिए उपलब्ध शौचालय पर्याप्त सुविधायुक्त नहीं है जबकि आए दिन उक्त स्कुल में चुनाव सहित अन्य शासकीय कार्यक्रम होते हैं जिससे संबंधित लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पडता है। उक्त स्कूल के छात्रों को खेलने के लिए बोरोडिपा सिथत खेल मैदान जाना पडता है जो धीरे धीरे अवैध कब्जा का शिकार होते जा रहा है और स्कूल परिसर का मैदान पैड पौधो और छात्रावास के कारण संकीर्ण हो गया है। इन सारे तथ्यों को लेकर शिक्षा से जुडे जागरूक लोगों को आगे आने की जरूरत है। बहरहाल उक्त स्कुल में 476 छात्र दर्ज थे इसमें पास आउट और टीसी लेने के बाद कितने नए प्रवेश लेंगे। लाखों रुपए की स्वीकृति मिली लेकिन प्रयोगशाला भवन नहीं बन सका।



## पुसौर क्षेत्र का शासकीय छात्रावास भवन जर्जर

**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र में आश्रम शाला मचिदा में स्थित छात्रावास में 50 छात्र रह सकते हैं लेकिन वहां 25 छात्र ही रहते हैं चूंकि उक्त आश्रम शाला का मीडिल स्कूल भवन जर्जर हो चुका है इसलिए यहां छात्रावास में रहने के लिए छात्र नहीं आ रहे हैं। झारमुडा ग्राम में स्थित आदिवासी छात्रावास ब संवर्ग का है जहां 50 छात्रों की रहने बसने की सुविधा है लेकिन 22 से 30 लोग ही रहते हैं चूंकि उक्त छात्रावास के आसपास हाई स्कूल या हायर सेकेण्डरी स्कूल नहीं है। जतरी में केवल 2 कमरे का एससी संवर्ग का छात्रावास है जहां केवल प्रायमरी के छात्र ही रहते हैं जिनकी संख्या 25 बताया जाता है। यहां पानी का अभाव आए दिन रहता है। पुसौर के बोरोडिपा में एससी संवर्ग का कन्या छात्रावास है जहां 50 छात्रा के लक्ष्य है और हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में एक छात्रावास है जहां 60 छात्रों का लक्ष्य है और बीते शिक्षा सत्र में 54 छात्र अध्यनरत रहे। ज्ञात हो कि एक नया छात्रावास कालेज के रास्ते में पूर्णता की ओर है जिसे शासन यदि वहां समूचित व्यवस्था दे दे तो छात्रावास में आ रहे छात्रों को निवास करने में आसानी हो सकती है।



## पेज 1 का शेष...

### योग ऋषि मुनियों ...

प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया था। संकल्प में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार किया है कि योग स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पूर्णतावादी दृष्टिकोण प्रदान करता है। योगाभ्यास से व्यक्ति में प्रत्येक प्राणी के प्रति मानवता का भाव उत्पन्न होता है। इस साल योग दिवस का थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग है।

### मंगलभवन में मना...

योग दिवस के मौके पर जनपद पंचायत सीईओ पवन पटेल, नगरपंचायत के सीएमओ मोहम्मद जावेद, ब्लाक शिक्षा अधिकारी बिनोद पैंकरा, बीआरसी वेदानंद आर्य, आरईएस से मोहन पाल, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव, ब्लाक अध्यक्ष ओबीसी महासभा जितेन्द्र गुप्ता, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता, बिरसिंग नायक, विषु शर्मा, धनु यादव, कमलेश मेहर, नगर पंचायत के सभी कर्मचारी एवं सफाई कर्मी सहित काफी सँख्या में लोग मौजूद रहे।

### एनईएस में किया ...

अधिकारी डॉ.एआर पैंकरा, क्रीड़ाधिकारी मनोरंजन कुमार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रिंसी कुजूर के साथ ही वरिष्ठ रासेयो स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं शासकीय नवीन महाविद्यालय मनोरा में प्रो विकास लकड़ा के साथ ही प्रो आलेख केरकेट्टा और प्रो आलोक कुजूर के साथ ही महाविद्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

## आशा को मिली राष्ट्रीय मानद उपाधि

**रायगढ़।** डा. आशा मेहर किरण को हानोरेरी डाक्टरेड अवार्ड लिट्रेचर एण्ड सोशल वर्क के लिए दिल्ली के मैजिक एण्ड आर्ट यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदान किया गया। आशा मेहर जी साहित्य के साथ साथ समाज सेवा के श्रेत्र में निरंतर कार्य कर रहीं है। जिसके लिए उन्हें अनेकों सम्मान और अवार्ड मिल चुके हैं। इसका श्रेय वे अपने पति सुशील कुमार मेहर देती हैं। वे कहतीं हैं लेखन का श्रेत्र हो या समाज सेवा का हमेशा उनका सहयोग मिलता है। अगर वे प्रोत्साहित नहीं करते तो आज यह अवार्ड नहीं मिल पाता। स्कूल के दिनों में ही लेखन के श्रेत्र में अभिरुचि रखने वाली आशा आज कई साहित्यिक पटलो की संरक्षिका संयोजिका है। जल्दी ही इनकी चार पुस्तक सबको पढ़ने को मिलेंगी।



